NT>

Title: Need for construction of national highway connecting Jhansi- Khajuraho- Kalinjar-Chitrakut-Prayag (Allahabad)- Laid.

श्री राम सजीवन (बांदा) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में स्थित विश्व प्रसिद्ध खजुराहो के मंदिरों के दर्शनार्थी/पर्यटकों के लिए झांसी-खजुराहो-किला-कालिंजर-चित्रकूट, राजापुर एवं प्रयागराज (इलाहाबाद) उत्तर प्रदेश के बीच कोई सीधा राट्रीय राजमार्ग नहीं होने के कारण अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन स्थलों को सीधा जोड़ने वाला कोई रेलमार्ग भी नहीं है। इन्हें रेलमार्ग से जोड़ने का कोई प्रस्ताव भी विचाराधीन नहीं है। इन प्रसिद्ध ऐतिहासिक-धार्मिक पर्यटक स्थलों की यात्रा करते समय रामायण के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर (जिला चित्रकूट) में जमुना नदी पर सड़क पुल का अभाव एक विकराल समस्या के रूप में उपस्थित है। उक्त स्थलों को एक नये राट्रीय राजमार्ग से जोड़ देने से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। यह सभी प्रसिद्ध स्थल झांसी की तरफ एक अन्य राट्रीय राजमार्ग से जुड़ जायेंगे तथा प्रयाग की तरफ कई राट्रीय राजमार्गो से जुड़ जायेंगे, जिसमें दिल्ली-कलकत्ता एक्सप्रेस राट्रीय राजमार्ग भी शामिल है। अतः भारत सरकार द्वारा झांसी-खजुराहो-कालिंजर-चित्रकूट-राजापुर-प्रयाग (इलाहाबाद) तक एक नये राट्रीय राजमार्ग का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कराया जाये।